
## खबर संक्षेप

### सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित ध्वजारोहण का कार्यक्रम



**मण्डला।** कल पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा श्री सिंधी गुरुद्वारा साहिब के ऊपर राम मंदिर में प्रभु श्री राम जी का ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ, सर्वप्रथम श्री हनुमान चालीसा का पाठ, उसके बाद ध्वजा पूजन कर ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात भजन, कीर्तन, आरती, पल्लव उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी एवं समाज के प्रमुख जन, नारी शक्ति का भी योगदान रहा।

### आईटीआई मंडला में ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 27 को

**मण्डला।** शासकीय आईटीआई मंडला में 27 नवंबर को प्रातः 11 बजे से होण्डा मोटर साइकिल कंपनी नारासपुरा डिस्ट्रिक्ट कोलार कर्नाटक के लिए ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में किसी भी ट्रेड से आईटीआई पास अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 27 वर्ष हो सम्मिलित हो सकते हैं, अभ्यर्थियों को फिक्स्ड टर्म वर्कर (असेंबली ऑपरेटर एंड क्वालिटी इंस्पेक्टर) के पद पर चयनित किंया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा 18252 रूपए मानदेय प्रतिमाह एवं अन्य सुविधायें दिए जायेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त दिनांक को अपने मूल दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अंक सूची के साथ उपस्थित हो सकते है।

## बंद पड़े सरकारी स्कूल भवनों पर अवैध कब्जे का खतरा


# ग्राम पंचायत को सौंपे जाएं भवन

*** ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले के कई शासकीय विद्यालय, जिन्हें लगभग 8 से 10 वर्ष पूर्व तकनीकी कारणों और विद्यार्थियों की संख्या में कमी के चलते बंद किया गया था, अब विभागीय उपेक्षा का शिकार होकर जर्जर होने की कगार पर पहुँच गए हैं। ग्राम पंचायत आमानाला के बढ़ईटोला, पंचायत बड़ी खैरी के चिखलैया टोला एवं नगर में स्थित लालीपुर प्राथमिक शाला में स्थित प्राथमिक विद्यालयों के भवन आज भी मजबूत स्थिति में हैं, लेकिन नियमित देखरेख के अभाव में इन पर अवैध कब्जे का खतरा बढ़ता जा रहा है।



कार्यालय ग्राम पंचायत आमानाला

जनपद पंचायत मण्डला, जिला-मंडला

प्रति

जिला परियोजना समन्वयक [illegible]

जिला शिक्षा केन्द्र [illegible]

विषय - E.G.S. प्राथमिक शाला को ग्राम पंचायत को सौंपने के संबंध में।

[…] आमानाला बढ़ईटोला के E.G.S. प्राथमिक शाला […] बंद पड़ा हुआ है। […] को सौंपा जाये जिससे […] में लिया जा सके।

सरपंच

ग्राम पंचायत आमानाला

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बंद पड़े इन शाला भवनों में लोगों द्वारा ठहराव और उपयोग की सूचनाएँ सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शिक्षा विभाग समय रहते ध्यान नहीं देता, तो लाखों रुपये की लागत से निर्मित ये भवन क्षतिग्रस्त हो जाएंगे या पूरी तरह अतिक्रमण की भेंट चढ़ सकते हैं।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने जताई चिंता

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भी स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि विभाग इन भवनों को पंचायत को हस्तांतरित कर दे, तो इन्हें सामुदायिक भवन के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है। इससे भवनों का संरक्षण होगा और ग्रामवासियों को भी सुविधा मिलेगी।

### प्रशासन हरकत में, कलेक्टर ने दिए निरीक्षण के निर्देश

मीडिया द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला शिक्षा केन्द्र को तत्काल निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार डीपीसी कुलदीप कठल ने ग्राम पंचायत आमानाला के बढ़ईटोला में स्थित बंद प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शाला भवन के ताले टूटे हुए थे तथा किसी व्यक्ति के वहाँ निवास करने की जानकारी मिली। इस पर डीपीसी ने तुरंत भवन खाली कराने, ताला लगाने और नियमित देखरेख सुनिश्चित कराने के निर्देश बीआरसी को दिए।

डीपीसी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के अन्य बंद शाला भवनों का भी निरीक्षण किया जाएगा। भवनों की स्थिति और उपयोगिता के अनुसार विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

### भवन हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज करने की गुहार

ग्राम पंचायत आमानाला द्वारा 15 नवंबर 2025 को जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र मंडला को पत्र जारी कर ईजीएस प्राथमिक शाला बढ़ईटोला को पंचायत को सौंपने की औपचारिक मांग की गई है। पंचायत का कहना है कि भवन की मरम्मत कर इसे सामुदायिक भवन के रूप में विकसित किया जा सकता है।

पंचायत ने यह भी उल्लेख किया कि चूंकि यह क्षेत्र नर्मदा तट पर स्थित है, इसलिए इस भवन का उपयोग नर्मदा परिक्रमा वासियों के ठहराव स्थल के रूप में भी किया जा सकेगा। मां नर्मदा भक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भी भवन को पंचायत के आधिपत्य में देने की मांग की है।

## कांग्रेस पार्टी ने बीएलए को एसआईआर और मतदाता सूची पुनरीक्षण का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मतदाता सूची पुनरीक्षण गहन एस.आई.आर. (विशेष पुनरीक्षण) को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले, निवास विधायक मा चैन सिंह बरकड़े, SIR प्रशिक्षण प्रभारी मो रसूल खान की उपस्थिति में बी.एल.ए. प्रशिक्षण कार्यक्रम मंडला, नैनपुर, निवास में आयोजित किया गया, जिसमें मंडला जिले के प्रशिक्षक मो रसूल खान के द्वारा उपस्थित बी.एल.ए. और कार्यकर्ताओं को एस.आई.आर. प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये अवगत कराया की आपकी जरा सी अनदेखी से कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है आप सभी अपने बूथ पर मतदाताओं को उनके नाम जुड़वाने की आवश्यक सहयोग करें और नये मतदाताओं के नाम जोड़ने में आवश्यक दस्तावेजो की जानकारी देने का काम आपसे बेहतर और कोई नही कर सकता है। प्रशिक्षण में निवास विधानसभा एवं मंडला विधानसभा के सभी बी.एल.ए. के साथ साथ कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित हुये। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले ने प्रशिक्षण में उपस्थित कांग्रेस के बीएलए को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप अपने बूथ में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को बेहतर ढंग से कर सकते है।



### 26 नवंबर को मनाया जाएगा संविधान दिवस

**मण्डला।** भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था, जैसा कि आप अवगत है, संविधान को अपनाने के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने हेतु सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, स्वशासी संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों को भी कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए है।

## कन्या विद्यालय बिछिया ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजय श्री हासिल की

*** जेसोबा क्विज कांटेस्ट के प्रथम चरण की प्रतियोगिता आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



जगन्नाथ शासकीय उच्चतर विद्यालय मंडला के भूतपूर्व छात्रों के संगठन जेसोबा द्वारा दिनांक 25 नवंबर 25 को नगर के उत्कट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया में जेसोबा क्विज कांटेस्ट के प्रथम चरण की प्रतियोगिता आयोजित हुई। उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित के मुख्य आतिथ्य में श्री शुक्ला सर (अध्यक्ष) जेसोबा की अध्यक्षता में संपन्न इस प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बिछिया, विद्या ज्योति हाई स्कूल बिछिया एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने विजय श्री प्राप्त कर द्वितीय चरण में प्रवेश किया।

ज्ञातव्य है कि इस वर्ष जेसोबा क्विज कांटेस्ट के अंतर्गत 144 स्कूलों में ये प्रतियोगिताएं संपन्न होनी हैं जिनमें से 36 विद्यालय द्वितीय चरण हेतु पात्रता हासिल करेंगे। संस्था की प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित ने कहा की जेसोबा द्वारा लगभग संपूर्ण मंडला जिले के छात्रों को सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। सहभागी छात्रों ने इस प्रतियोगिता को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बतलाया। इस आयोजन में संगठन के सचिव योगेश श्रीवास्तव, विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार साहू, श्रीमति सुनीता मरावी, श्रीमति मंजुलता श्रीवात्री, विकास जंघेला, नीरज मांडवे सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**शहादत** | क्रांतिवीर पुण्य स्मृति दिवस पर शहीदों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि।

# शहीदों के सम्मान में निकला मशाल जुलूस

*** जिस वृक्ष में दी गई थी फांसी वहीं दी श्रद्धांजलि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



क्रांतिवीर पुण्य स्मृति दिवस 24 नवम्बर पर मण्डला के गुमनाम शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद हुए मंडला जिले के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से रविवार को क्रांतिवीर स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय बड़ चौराहे में स्थित बरगद के वृक्ष में अनेकों क्रांतिकारियों को फांसी की सजा दी गई थी। अंग्रेजों ने 24 नवंबर 1857 को तो इस वृक्ष में एक साथ 21 क्रांतिकारियों को फांसी दे दी थी। ऐसे सभी गुमनाम क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से नगर के रानी अंवती बाई चौराहे से बडी संख्या में समाजसेवियों ने मशाल यात्रा निकाली, नगर के बड़चौराहे पर क्रांति वट स्मारक पर यात्रा पर सम्पन्न हुई।

क्रांति वट स्मारक पर मौजूद नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, प्रफुल्ल मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित उपस्थित समाजसेवियों ने दीप जलाकर शहीदों का स्मरण किया। क्रांतिवीर पुण्य स्मृति दिवस मनाएं जाने के संबंध में कार्यक्रम के संयोजक विवेक अग्निहोत्री ने बताया कि इतिहासकारों का मानना है कि 24 नवंबर 1857 को बरगद के इस पेड़ पर एक साथ 21 क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी। दुःख की बात है कि इन बलिदानियों के नाम इतिहास में दर्ज नहीं है। कार्यक्रम के माध्यम से 1857 के संग्राम में जिलेवासियों के पराक्रम और बलिदान की कहानी का स्मरण किया गया। जिससे आने वाली पीढ़ी क्रांतिकारियों को याद कर स्वाधीनता की कीमत समझ सके। उन्होंने 1857 के क्रांति के समय मण्डला के खैरी और लालीपुर संग्राम से जुड़ी जनश्रुति से अवगत कराया। सभी ने एक स्वर में वंदे मातरम गान किया। इसके पश्चात मौन धारण कर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान रानू राजपूत, सरपंच टिकरवारा श्रीमती श्रद्धा उइके कवरेती, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, नायब तहसीलदार रामसिंह उलाड़ी सहित बडी संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाजारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. बैभव यादव पिता/पति- बिरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### शराब के लिये पैसा न देने पर की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अर्जुनगांव निवासी हर प्रसाद वर्मा पिता बाबू लाल वर्मा उम्र 70 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह नदी से नहा कर जा रहा था जब वह राजू अहिरवार के घर पास पहुंचा तो रास्ते में राजू पिता गोरेलाल अहिरवार मिला और शराब के लिये पैसा मांगने लगा। प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किये जाने पर आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### रास्ते पर बाइक खड़ी कर रोककर की पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सिहोरा निवासी सफी पिता बजीरन खान उम्र 27 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह गाडरवारा से समान खरीदकर मोटर साईकिल से अपने घर जा रहा था। रास्ते में आयुष दुबे एवं कार्तिक उदेनिया निवासी ग्राम पनारी मिले जिन्होने प्रार्थी की मोटर साईकिल के सामने अपनी मोटर साईकिल को खड़ा कर रास्ता रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठियों से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### भाई बहिन के साथ की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के विवेकानंद वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने बहिन के साथ कही जा रहा था उसी दौरान सरूज तथा उसका दोस्त रास्ते में मिला और गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा उसके साथ बेल्ट से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इस दौरान प्रार्थी की बहिन द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया तो सूरज व उसके दोस्त द्वारा उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी सूरज सहित उसके दोस्त के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### रात को दुकान न खोले जाने पर महिला को दी जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा।** नगर के जमाड़ा रोड स्थित एक किराना दुकान की संचालक विधवा महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके द्वारा रात को दस बजे अपने किराना दुकान बंद कर दी गई थी। इसके बाद पडौस में रहने वाला छत्रपाल जाटव नामक युवक आया और शटर खटखटाने लगा। प्रार्थिया घर में अेकली महिला होने के चलते जब उसने शटर नही खोली तो आरोपी द्वारा शटर में लाते मारने लगा। इसी दौरान प्रार्थिया का बेला पेट्रोल पंप से काम करने के बाद घर लौटा और उसने छत्रपाल से बोला की इस तरह हमारी शटर में लाते क्यो मार रहे हो। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रार्थिया के बेटे के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये झूमा झटकी की गई इस दौरान जब प्रार्थिया बाहर निकली तो उसको भी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**स्टेशन के मुख्य द्वार से लेकर रास्ते पर खड़े होने वाले आटों व अन्य वाहनों के चलते रेल यात्रियों को झेलना पड़ रही परेशान...**

# वाहन मालिकों की मनमानी के सामने असहाय साबित हो रहे जीआरपी सहित आरपीएफ के अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर की लगातार बिगड़ रही यातयात व्यवस्था की सच्चाई तो किसी से छिपी नही है। मगर रेल्वे स्टेशन का जो नजारा देखने मिल रहा हे उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों रेल प्रशासन द्वारा इन वाहन मालिकों को अपने वाहन रेलवे स्टेशन परिसर में खड़े करने की पूर्णरूप से छूट प्रदान की दी गई जिसके चलते उनके हौसले बुलंद नजर आने से नही चूक रहे है। इस सच्चाई को लेकर मीड़िया द्वारा लगातार सच्चाई उजागर करने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नही होने से यह महसूस होने लगा है की मानों इन वाहन मालिकों के साथ जीआरपी से लेकर आरपीएफ व स्थानीय पुलिस पूर्णरूप से असहाय होने लगी है.. ?**





इसी का परिणाम है कि रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। नगर के रेल्वे स्टेशन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो रेल यात्रियों की सुरक्षा से लेकर रेलवे प्टेल फार्म व परिसर की संपूर्ण जिम्मेदारी रेल सुरक्षा फोर्स सहित रेल पुलिस की होती है। मगर स्थानीय रेलवे स्टेशन के हाल तो यह बने हुये है कि मानों आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को कोई लेना देना ही नही रह गया है..?

क्योंकि जिम्मेदारों की उदासीनता का परिणाम है कि जहां आटों चालक सबारियाँ बैठने के लिये रेलवे प्लेट फार्म के मुख्य द्वार पर अपने आटों खड़े करते हुये यात्रियों का इंतजार करने से नही चूकते है। वही दूसरी ओर रेल्वे स्टेशन के लिये अपने किसी रिस्तेदार या फिर सगे संबंधी को लेने के लिये पहुंचने वाले लोगों द्वारा भी अपने वाहनों को मुख्य द्वार के ठीक सामने खड़े कर दिये जाते है। इस स्थिति में जब रेल यात्री प्लेट फार्म से नीचे आते है तो उन्हे परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। इसमें सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को झेलने पड़ती है जब कोई रेल यात्री यात्रा करने के लिये स्टेशन पहुंचता है और उसकी ट्रेन प्लेट फार्म पर खड़ी होने के साथ साथ छूटने की स्थिति में रहती है तो इस तरह स्टेशन के मुख्य द्वारा पर अघोषित रूप से बना हुआ वाहन स्टेशन के चलते लोग अपनी ट्रेन पकड़ने से चूकते हुये आसानी से देखे जा सकते है। इसमें महिला यात्रियों की स्थिति गंभीर हो जाती है। क्योंकि मुख्य द्वार पर खड़े होने वाले वाहनों के चलते महिलाओं का प्लेट फार्म पर पहुंचने से लेकर नीचे आना भी मुश्किलों से खाली नही रहता है। हद तो तब हो जाती है जहां रेल्वे प्लेट फार्म के पास अपने वाहनों के साथ मनचले खड़े हुये ट्रेन से आने जाने वाली महिलाओं के साथ छिटाकशी करने से नही चूकते है। इतना ही नही प्लेट फार्म के सामने पड़ी हुये रेलवे की खाली जगह पर अनेक तत्वों द्वारा नियम विरूद्व जिस तरह से अपने चाय, पान सहित अन्य प्रकार की सामग्री विक्रय करने वालों द्वारा हाथ ठेले स्थापित किये गये है उन पर दिन भर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहने के चलते वह महिला यात्रियों को आते जाते समय छिटाकशी करते हुये देखे जाते है।

इस तरह नगर के रेल्वे स्टेशन की लगातार बिगड़ रही व्यवस्थाओं के चलते रेल यात्रियों को जहां दहशत में देखा जा रहा है तो दूसरी ओर रेल प्रशासन के साथ साथ आरपीएफ व जीआरपी पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है...? इसी सच्चाई को मीडिया द्वारा उजागर किये जाने के बाद कार्यवाही के नाम पर मात्र एक दिन के लिये औपचारिता निभाते हुये स्थिति को जहां के तहां छोड़ दिये जाने से रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे की भूमि पर बगैर अधिकारियों की सहमति कोई भी अपना टप या फिर किसी भी जीच को स्थापित नही कर सकता है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि रेलवे प्लेट फार्म के सामने वाहन स्टेन्ड की ओर जाने वाले मार्ग पर जहां खुलेआम पान सहित अन्य सामग्री के टप स्थापित होते चले जा रहे है। वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा जिस तरह से प्लेट फार्म के मुख्य द्वार को अघोषित रूप से वाहन स्टेन्ड का रूप दे डाला है। वह यात्रियों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहा है।

कहने के लिये तो यहां पर नो पार्किंग का वोर्ड लगा हुआ है। मगर उसका पालन रेल सुरक्षा फोर्स व जीआरपी की उदासीनता के चलते पालन होते हुये दिखाई नही दे रहा है। वही रेल्वे स्टेशन से आगे की ओर मुख्य मार्ग के नजारे को देखकर तो यह लगता है कि मानों नगर पुलिस द्वारा आटों चालको को मुख्य मार्ग पर अपने आटों खड़े करने के लिये पूरी छूट दे रखी है जिसके चलते कई घंटों तक शहर की ओर आने वाले मार्ग की दुकानों के सामने आटों चालको का साम्राज्य स्थापित हो जाता है वही नगर के अंदर भी आटों चालकों की मनमानी के नजारे आये दिन दिखाई देने के चलते सड़क दुर्घटना होना आम बात हो चुकी है। इनकी मनमानी इस तरह से बनी हुई है कि अपने आटों में जहां तेज लाईट वाले अतिरिक्त एलईडी लाईट लगाते हुये जब रास्त के समय सड़को पर दौड़ाते हुये देखा जाता है कि सामने से आने वाले वाहन चालक को इस तेज लाईट के चलते रास्ता ही दिखाई ने देता है। वही दूसरी ओर मन के मुताबिक चलते हुये आटों को सवारी बैठाने के लिये बगैर किसी संकेत के रोकने के चलते दुर्घटनाये लगातार दिखाई दे रही है। मगर हैरत की इस बात की हो रही है कि नगर के जिम्मेदार अधिकारियों को अनेकोबार अवगत कराये जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना आटों चालकों की मनमानी को चार चांद लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? सही मायने में देखा जावे तो अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम है कि नगर की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरते हुये देखने मिल रही है तो दूसरी ओर आमजन की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही रहे पा रही है।

## धान सहित मोटा अनाज (ज्वार) उपार्जन के लिए केन्द्रों का हुआ निर्धारण, धान की खरीदी कार्य 1 से होगा शुरू

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में उपायुक्त सहकारिता एवं जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन एवं जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन नरसिंहपुर से पात्र सहकारी समितियों एवं रिक्त गोदामों की प्राप्त जानकारी अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह मोटा अनाज (ज्वार) एवं धान उपार्जन के लिए केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मोटा अनाज (ज्वार) का उपार्जन 24 दिसम्बर 2025 और धान का उपार्जन एक दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक किये जाने कमे लिये केन्द्रो का निर्धारण किया गया है। वही जिला कलेक्टर ने उपार्जन कार्य से जुड़े संबंधित विभाग एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 अंतर्गत जारी उपार्जन नीति एसओपी अनुसार दिए गए निर्देशों का अक्षरशः कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करते हुए उपार्जन कार्य सम्पादित करेंगे। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक धान उपार्जन के लिए गाडरवारा तहसील अंतर्गत संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) सूरना हेतु मां नर्मदा वेयर हाउस भौरझिर व गोटीटोरिया, चारगांव केन्द्र क्रमांक एक हेतु मां गुर्जर वेयर हाउस जमाड़ा रोड 36, गोटीटोरिया, चारगांव केन्द्र क्रमांक 02 हेतु आदि शक्ति वेयर हाउस जमाड़ा रोड, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) नांदनेर हेतु मै. अंजली वेयर हाउस नांदनेर, उपार्जन केन्द्र संस्था सहकारी समिति (बी-पेक्स) खुर्सीपार हेतु शारदा वेयर हाउस पिठहेरा, सहकारी समिति (बी-पेक्स) आड़ेगांव हेतु तिरूपति वेयर हाउस खमरिया, सहकारी समिति (बी-पेक्स) छैनाकछार हेतु मेसर्स श्री सांई आशीष वेयर हाउस मगरमुहा चीचली रोड गाडरवारा, सहकारी समिति (बी-पेक्स) सिहोरा हेतु एमपी डब्ल्यूएलसी शासकीय गोदाम गाडरवारा, सहकारी समिति (बी-पेक्स) गाडरवारा केन्द्र क्रमांक एक हेतु एमपी डब्ल्यूएलसी शासकीय गोदाम गाडरवारा, सहकारी समिति (बी-पेक्स) गाडरवारा केन्द्र क्रमांक दो हेतु स्वामी वेयर हाउस कामती, सहकारी समिति (बी-पेक्स) करपगांव हेतु गुरू कृपा वेयर हाउस बटेसरा, सहकारी समिति (बी-पेक्स) इमलिया- सालीचौका केन्द्र क्रमांक एक हेतु सिद्धि वेयर हाउस सालीचौका, सहकारी समिति (बी-पेक्स) इमलिया- सालीचौका केन्द्र क्रमांक दो हेतु गर्भित वेयर हाउस सालीचौका, सहकारी समिति (बी-पेक्स) पनारी हेतु पूर्णिमा वेयर हाउस रहमा व सहकारी समिति (बी-पेक्स) कौडिया हेतु दिव्या वेयर हाउस ककरा रोड गाडरवारा को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) तूमड़ा केन्द्र क्रमांक एक हेतु मां नर्मदा वेयर हाउस झिकौली, सहकारी समिति (बी-पेक्स) तूमड़ा केन्द्र क्रमांक दो हेतु मां अन्नूपर्ण वेयर हाउस रमपुरा, सहकारी समिति (बी-पेक्स) मड़गुला केन्द्र क्रमांक एक हेतु मां रेवा वेयर हाउस देवरी व सहकारी समिति (बी-पेक्स) मड़गुला केन्द्र क्रमांक दो हेतु आर. लक्ष्मण वेयर हाउस गरधा को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है।



## सहभागिता से सांईखेड़ा उमर सेठान घाट नदी में बनाया 300 बोरी का बंधान, नागरिकों व पशु- पक्षियों को मिलेगा जल

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जल संचय अभियान के तहत नदी में बोरी बंधान कर बहते जल को रोककर उसका उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकास खंड सांईखेड़ा उमर सेठान घाट नदी में सहभागिता से 300 बोरी बंधान बनाया गया। बताया जाता है कि इस बोरी बंधान के माध्यम से नदी में बहते पानी को रोका जाएगा। वही पानी का ठहराव होने से किसानों, नागरिकों व पशु- पक्षियों को भरपूर पानी मिलेगा। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा, वृंदावन जन उत्थान समिति तूमड़ा के अध्यख राकेश खेमरिया, सेंट्रल पब्लिक स्कूल सांईखेड़ा के विद्यार्थियों, नितिन तिवारी, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम सांईखेड़ा के परामर्शदाता व विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी गई। इस बोरी बंधान होने जाने से किसानों को सब्जी, बागवानी और फसलों की सिंचाई को पर्याप्त पानी मिल रहा है। इसके अलावा पशु- पक्षियों को भी पानी उपलब्ध हो रहा है।



## योजनाओं से वंचित है कृषक, अधिकारी नहीं देते हैं ध्यान?

**हरिभूमि न्यूज/सिहपुर छोटा।** वैसे देखा जावे तो सरकारों ने कृषकों के लिए अनेक लाभ कारी योजानायें तैयार की है और कृषकों के हित ओर संरक्षण का दावा समय समय पर किया जाता है। लेकिन यह एक सोचनीय पहेलू है कि इन योजनाओ का लाभ कृषको तक कैसे पहुंचता है? ऐसा लगता है कि कृषको के हित संरक्षण हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता बढ़ती जा रही..? ज्ञातव्य है कि सरकार ने कृषको की सहायता मार्ग दर्शन तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए उन्नत तकनीको से अवगत कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग बनाया है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में कृषकों को विभाग द्वारा जानकारी सुलभ नही कराई जा रही है, जिससे समसमायिक जानकारी कृषकों को नही मिलती है। कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को नही मिल पा रहा है, जिससे उनकी कृषि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। क्षेत्र के कुछ रोषित कृषको ने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ साधन सम्पन्न कृषकों को दिया जाता है। जिससे गरीब कृषक शासन की योजनाओं से वंचित रह जातें है। पूर्व में भी अनेको बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियो को ध्यान कृषि विभाग के अधिकारियों की मनमानी कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित किया गया था, जिस पर कुछ दिन तो विभागीय अधिकारी चोकन्ने हुए थें। किन्तु धीरे धीरे पुनः उसी चाल में आ गये है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आकाशवाणी केन्द्रों से ग्रामसभा कार्यक्रम में कृषि से संबंधित जानकारियां ग्रामीणजनो को दी जा रही है, जिसमें इन जानकारियों में लगभग सभी प्रकार की फसलों की अधिक पैदावार लेने से गुड, फसल बीमा, जैविक फसल व रबी फसलो का कीटों से बचाव गोबर गैस आदि विषयों की सूक्ष्म जानकारी दी जाती है। गौरतलब है कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की नियुक्ति ग्रामीण कृषि विस्तार अंचलों में हुई है, परंतु यदि गणना की जाये तो पता चलता है कि अधिकतर अधिकारी अपने मुख्यालय को छोड़ समीपस्थ कस्बो व नगरों में निवास कर रहे है, जिससे विभागीय अधिकारी भी परिचित है पर बिल्ली के गले में घंडी कौन बांधें?

## पंचायती राज में अनियमितताएँ, गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** अनियमितता और मनमानी करने वालो को यत्र-तत्र जयकार होती आ रही है..? मगर पंचायती राज में तो भ्रष्टाचार का विकेन्द्रीकरण होते हुए दिखाई दे रहा है, जिसकी अनेको शिकायते हुइं पर उन पर क्या कार्यवाही होती है किसी को नहीं है पता? इतना ही नहीं शिकायतो को ठंडे बस्ते में डाल देने का क्रम जारी है, यदि ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायती राज में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने सगे संबंधियों व छुटभैया नेताओं को देना, पंचायत की राशि का दुरूपयोग करना, गरीबों के नाम पर आई योजनाओं का बंदर बांट करना आम बात होते हुए दिखाई दे रही है? परिणाम स्वरूप योजनाओं के असली हक दार योजनाओं की जानकारी के अभाव में पंचायतो की ओर ताकते रहते हैं, किंतु उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है? इस बात की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को ठेंगा दिखाने से पंचायत के कर्णधार पेट का खाना तक की योजनाओं में धांधली करने से नहीं चूक रहे हैं? अनुसूचित जाति, जनजाति और गरीब तबका आज अपने परिवार के साथ दयनीय स्थिति में है, शासन चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी वह न उन्हें ईलाज मिल पा रहा है और न ही शिक्षा तथा न ही रहने का ठौर ठिकाना अपने लिए बना पा रहा है? अक्सर देखा जाता है कि पंचायत प्रतिनिधि अपनी मनमानी के चलते रूपया कमाना अपनी शान समझते हुये पंचायती राज की धज्जियाँ उड़ते हुए देखे जाते है? जिन पंचायतों का महिलाओं द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है उन पंचायतों के कार्यों में सरपंच पतियों का हस्तक्षेप भी बढ़ा हुआ है, जिससे लोगों को पंचायती राज का लाभ नहीं मिल पा रहा है, इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा तहसील क्षेत्र के सांईखेड़ा जनपद के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल रही है? जहां पर आज भी अनेक पात्र हितग्राही शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के लाभ से बंचित घूम रहे है, स्थिति तो यहां तक देखी जाती है कि अनेक लोगों को सरकार से उनके मकान बनने की बधाई भेजी जाती है? मगर उन्हें यह तक पता नही रहता है कि उनका कौन से मकान बन गया है जिसकी उन्हें बधाई मिल रही है।



## जान के दुश्मन बन रहे खटारा यात्री वाहन, आरटीओ की उदासीनता से आमजन की जिंदगी को खतरा?

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** इस समय देखा जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ रही अनेक बसे इस प्रकार की है जिनके परमिट नही होने के बाद भी सड़को पर दौड़ रही है? कुछ की स्थिति इस प्रकार से बताई जाती है कि वह परमिट किसी अन्य मार्ग का रखे हुए है और चल कही और रही है? इतना ही नही क्षेत्र की सड़को पर दौड़ रहे वाहनों को देखा जावे तो 50 फीसदी से अधिक वाहन अन फिट की श्रेणी में दिखाई पड़ रहे है? मगर इसके बाद भी उन्हे सड़को पर घसीटा जा रहा है और प्रति वर्ष सैकड़ो की संख्या में यात्रियों को जान से हाथ धोना पड़ जाता है? अकसर वाहन परमिट नही लेते वाहन चालक परमिट लेने के बजाय जुगाड से काम निकाल लेते है, पकड़ा धकड़ी से बचने के लिए वाहन चालक सफर शॉर्टकट रास्तो से पूरा करते है, जो हादसे का कारण बन जाते है? इतना ही नही यह अनफिट वाहन बीच रास्ते में ही धोखा दे जाते है? वाहनो की परमिट बात की जाए तो इनमे से 40 फीसदी वाहनो पर ही कागज अपडेट मिल सकते है? लगभग 60 प्रतिशत वाहन इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर बगैर परमिट के ही दौड़ रहे है जिनकी खोज खबर लेने वाले जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है, मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग अपने आंखे बंद किये हुए है? इनमें से 20 से 25 वर्षो पुराने हो चुके है यह वाहन। इसके बाद भी न सिर्फ सड़को पर घसीटा जा रहा है। बल्कि यात्री ढोने के काम में लिया जा रहा है। शासन की अनदेखी का परिणाम है कि यह खटरा वाहनों में यात्रियो को छतो पर बैठकर सफर कराया जाता है, जिसकी सच्चाई क्षेत्र की सड़कों पर आसानी से देखी जा सकती है? जबकि यात्रियो से किराया तो पूरा वसूल किया जा रहा है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर अंदर सीट भी नही मिल पाती, उन्हे लटकर यात्रा करना पड़ती है और पैसा पूरा लिया जाता है? बताया जाता है कि शासन के अधिकारियो की सांठगांठ के चलते शासन को चूना लगाकर यात्रियो की जान से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। खतरे से खाली नही टैक्टर की सवारी- ग्रामीण क्षेत्र में टैक्टर ट्राली का उपयोग न सिर्फ यात्री वाहन के रूप में किया जा रहा है, बल्कि ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग बारातियो को दुल्हन के द्वार तक पहुंचाने के लिए भी किया जाता है चूंकि ट्रैक्टर सिर्फ कृषि कार्य के लिए ही उपयुक्त है। ट्रैक्टर का प्रयोग सवारी वाहन के रूप में करना खतरनाक हो सकता है।



## बैकों द्वारा स्थापित किये गये एटीएम केन्द्रों में पशुओं का डेरा, फैल रही गंदगी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिस प्रकार से आये दिन एटीएमों को लूटने से लेकर चोरी होने की घटनाएं घटित होना आम बात हो जाने के बाद भी नगर में भारतीय स्टैट बैक सहित अन्य बैकों द्वारा स्थापित किये गये अपने एटीएमों को लेकर गंभीर होते हुये दिखाई नही पड़ रही है। जिसका परिणाम है कि नगर में स्थापित एटीएम पूर्णरूप से भगवान भरोसे चलते हुये देखे जा रहे है...? जबकि नियम के अनुसार तो बताया जाता है कि इन एटीएमों में सुरक्षा गार्डो की तैनाती से लेकर साफ सफाई करने वालों की नियुक्ति भी रहती है। मगर नगर के एटीएमों की जिस प्रकार से स्थिति देखी जा रही है उनके अंदर लोगों को प्रवेश करने में भी भय का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि आये दिन नगर में स्थापित एटीएमों के अंदर जिस प्रकार से मवेशियों का डेरा जमा हुआ देखा जाता है उसके चलते एटीएम केन्द्रो के अंदर गंदगी का साम्राज्य स्थापित रहने के चलते वहां पर प्रवेश करना मुश्किल हो जाता है। वही दूसरी ओर एटीएम केन्द्रो के अंदर मवेशियों का डेरा जमा होने के कारण बैक उपभोक्ताओं की जान को भी खतरा पैदा होने से नही चूकता है। मगर इस प्रकार से लगातार दुर्गति का शिकार हो रहे इन एटीएम केन्द्रो की ओर बैकों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि बैकों द्वारा अपने उपभोक्ताओं को सुविधा देने के नाम पर ठगा जाने लगा है..? क्योंकि जोर पकड़ रही ठंड के दौरान सड़को पर घुमने वाले पशुओं द्वारा रात के समय इन एटीएम केन्द्रों को सुरक्षित ठिकाना मानते हुये आसानी से रात काटते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि नगर में बैकों द्वारा स्थापित किये गये इन एनटीमों में किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा कर्मी तैनात नही रहने के चलते भगवान भरोसे चलते हुये नजर आने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते दिवस नगर के एटीएम केन्द्र में उस समय देखने मिली जब एटीएम के अंदर मूक पशु आराम से बैठे हुये देखे गये जिसके चलते चल रहे शादियों के सीजन के मौके पर इस एटीएम से पैसा निकालने के लिये पहुंचने वाले लोगों को खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है।

## खबर संक्षेप

### वन अधिकार समिति की बैठक में 38 दावों की समीक्षा



डिंडौरी।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपखंड स्तरीय वन अधिकार समितियों से प्राप्त वन ग्रामों में निवासरत व्यक्तियों के कुल 38 व्यक्तिगत दावों की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा उपरांत इन दावों को आवश्यक जांच हेतु वन मंडल अधिकारी, सामान्य वन मंडल को प्रेषित किया गया। जांच पूर्ण होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।बैठक में सामुदायिक वन अधिकार एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा 3(1) में वर्णित सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित अधिकारों को मान्यता दिए जाने हेतु उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति को प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश अध्यक्ष द्वारा प्रदान किए गए।बैठक में वनमंडल अधिकारी, एसडीओ शहपुरा, एसडीओ करंजिया एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 26 नवंबर को जिले के सभी विद्यालयों में मनाया जाएगा संविधान दिवस

डिंडौरी। भारत के संविधान अंगीकरण की वर्षगांठ के अवसर पर 26 नवंबर को डिंडौरी जिले के सभी विद्यालयों में संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी विद्यालय प्रमुखों को आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार 26 नवंबर को विद्यालयों में प्रातःकालीन सभा के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को संविधान के मूल सिद्धांतों एवं नागरिक कर्तव्यों की जानकारी देने हेतु विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। जिसमें छात्रों को ऑनलाइन क्विज़, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद तथा संविधान से संबंधित अन्य गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा है कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी विद्यालयों में कार्यक्रम गंभीरता एवं गरिमा के साथ आयोजित हों। संविधान दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए निर्देश सभी विकासखंडों और विद्यालयों को प्रेषित कर दिए गए हैं।

### वाहन चेकिंग दस्तावेज अपूर्ण मिलने पर हुई चालानी कार्रवाई



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जिले में वाहन चेकिंग अभियान सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य बस स्टैंड डिंडोरी में आरटीओ एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बसों के टाइम टेबल, फिटनेस, परमिट सहित अन्य अनिवार्य दस्तावेजों की जांच की गई।जांच के दौरान कई वाहनों के दस्तावेज निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिस पर संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए नियमित दस्तावेज रखरखाव की चेतावनी भी दी। चेकिंग के दौरान **RTO** एवं यातायात विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

### शहपुरा में पानी का संकट गहराया



**शहपुरा** - नगर परिषद शहपुरा में लंबे समय से चल रहा पेयजल संकट अब विस्फोटक रूप लेता दिख रहा है। पानी की भारी किल्लत से परेशान वार्ड क्रमांक 13 और 14 के सैकड़ों लोग मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंच गए। नागरिकों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री रीना सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वार्डों में कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। पीने का पानी तक लोगों को नसीब नहीं हो पा रहा है। टैंकर भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। "नलों में पानी नहीं टैंकरों की व्यवस्था नहीं शिकायत सुनने वाला कोई नहीं!" नागरिकों ने कहा कि पानी की समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गईं।

# जनसुनवाई में प्राप्त 55 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याएँ और मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं।**



डिंडौरी ।

जनसुनवाई में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुआवजा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मजदूरी भुगतान आदि से संबंधित प्रकरण प्रमुख रहे। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान आवेदक ग्राम पंचायत हर्रा टोला गारकामटटा निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामकली बाई पति स्व. श्री भूरा सिंह गोंड ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि फर्जी फौतीनामा के संबंध में पुनः जांच कराने हेतु आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत अनुविभागीय अधिकारी बजाग, तहसीलदार बजाग, नायब तहसीलदार करंजिया को लिखित पत्र देकर तीन दिवस के अन्दर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आवेदक श्रीमती अनुसुईया श्रीवास सहायक रसोइया को रमसा बालिका छात्रावास से षडयंत्र रचकर पद से हटाने के संबंध में आवेदन दिया और छात्रावास में लगे सीसी टी.व्ही कैमरे की फुटेज देखकर निष्पक्ष जांच कर पुनः रसोइया के पद पर रखने की मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को तलब करते हुए संबंधित की फाइल समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। और त्वरित निराकरण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आवेदक श्री मोहन सिंह पाराशर सेवानिवृत्त लाइनमेन नगर परिषद डिण्डौरी ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर माह नवंबर 2010 से मार्च 2011 तक कुल 5 माह का रूका हुआ भुगतान करने की मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने नगर परिषद अधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच कर त्वरित शिकायत की निराकरण करने के निर्देश दिए ताकि आवेदक की समस्या का निराकरण किया जा सके। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लंबित किस्त, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत प्रकरणों का भुगतान, मनरेगा एवं अन्य योजनाओं में मजदूरी भुगतान, वृद्धावस्था एवं अन्य श्रेणी की पेंशन स्वीकृति और अद्यतन से जुड़े कई आवेदन भी प्राप्त हुए।

अधिकारियों ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि प्रत्येक प्रकरण पर नियमों के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# बैगा जनजाति के किसानों को मिला जैविक कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण



डिंडौरी।

सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (CARD) द्वारा साइंस और टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट (DST) के अंतर्गत बैगा जनजाति की आर्थिक संभावनाओं को वैज्ञानिक और तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से सतत और समवेशी मूल्य श्रृंखलाएं विकसित कर शसक्त बनाने के उदेस्य से बैगा चक ग्रामों में गैर काष्ट वन उत्पाद (NTFPs), ओषधीय पौधों एवं कोदो कुटकी का मूल्य संवर्धन तथा मुख्य धारा में एकीकरण एवं पारस्परिक ज्ञान संरक्षण विषय पर बैगा परिवारों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा समर्थित तथा Centre for Advanced Research and Development (CARD) द्वारा संचालित परियोजना के तहत बैगा जनजातीय ग्रामों में किसानों के लिए प्राकृतिक कीटनाशकों नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र और दस पत्ती अर्क बनाने एवं उपयोग पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बैगा जनजाती के किसान परिवार शामिल हुवे।कार्यक्रम की शुरुआत किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाते हुए हुई। विषय विशेषज्ञ धनंजय ठाकुर ने बताया कि नीम आधारित व वनस्पति अर्क से बने जैव कीटनाशक न केवल फसलों को कीटों से सुरक्षित रखते हैं बल्कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं।कार्यक्रम के अंत में CARD टीम ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और सामूहिक रूप से जैव-इनपुट तैयार करने के लिए प्रेरित किया। किसानों ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहने चाहिए।

# जैव विविधता प्रतियोगिता परीक्षा 91 टीम हुई शामिल

**प्रथम स्थान वाली टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में होगें शामिल**



डिंडौरी।

मंगलवार को उत्कृष्ट विद्यालय में मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के निर्देशन में बन विभाग ने लिखित परीक्षा का आयोजन कराया। 102 हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने पंजीयन कराया गया। परीक्षा में 91 टीम शामिल हुई है। प्रथम स्थान आने वाली टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होगें।क्विज मास्टर अश्वनी साहू ने बताया कि परीक्षा दोपहर साढ़े 12 बजे से डेढ़ बजे तक ली गई। परीक्षा के बाद आज ही परिणाम घोषित किए किया गया। प्रथम स्थान पर आने वाली टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में ऑनलाइन शामिल होंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम आने वाली टीम को 30 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं डिंडोरी वन परिक्षेत्र रेंजर अतुल सिंह ने बताया कि जैव विविधता बोर्ड का लक्ष्य है कि विद्यार्थी जीवन में ही बच्चे जंगल और वन्य जीवों के महत्व को समझे ताकि आने वाले समय में समाज को जागरूक कर सके। और लोग जंगल और वन्य जीवों को नुकसान न पहुंचाएं। छात्र छात्राओं को वनमंडल अधिकारी पुनीत सोनकर, एस डी ओ सुरेंद्र जाटव, अखिलेश सिंह ने संबोधित किया। परीक्षा आयोजित करवाने में वन विभाग की टीम और विद्यालय के स्टॉप ने सहयोग किया।

# डिंडौरी जिले में गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी शुरू



डिंडौरी ।

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के निर्देशन में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में गीता जंयती समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय एवं विकासखंड स्तर पर आयोजन की तैयारियों पर बैठक संपन्न। जिसका आयोजन आगामी 01 दिसम्बर 2025 को गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव का जिला स्तरीय पर उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण एवं समस्त विकासखंड स्तर में उत्कृष्ट एवं सांदिपनी विद्यालयों में भव्य आयोजित होंगे। शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर जिले में कार्यक्रम की तैयारियों को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं जिला स्तरीय आयोजन की संपूर्ण तैयारी, संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सहायक नोडल अधिकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी, डिंडौरी, शहपुरा एवं सहायक आयुक्ज जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को नियुक्त किया गया है। विकासखंड स्तर पर सीएम राइज/ सांदिपनी विद्यालय शासकीय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

शासन द्वारा आयोजित गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव न केवल भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि यह लोकभागीदारी के माध्यम से सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करें, जिससे 1 दिसम्बर को यह आयोजन सफलतापर्वक संपन्न किया जा सके। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर जेपी यादव, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, महिला बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की प्रभावी पहलः जल संचय अभियान अन्तर्गत बोरी बंधान

डिंडौरी ।



दिनांक 25/11/2025 को मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखण्ड कंरजिया में जल संचय अभियान अन्तर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तरेरा के संयुक्त तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय चयनित सुनाड़ी नदी में 75 बोरियों का बंधान बनाया गया। यह बोरी बंधान मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चलाये गए"जल संचय अभियान 15 नम्बर से 31 दिसंबर 2025"के अन्तर्गत किया गया है,इसके माध्यम से बहते जल को रोककर ग्रीष्म काल में पशु-पक्षियों व मनुष्य को जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा भूमिगत जल में वृद्धि करना, बोरी बंधान के आस-पास के किसानों के लिए कृषि सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता से कृषि सिंचाई के रकबे में वृद्धि कर उनकी आय में बढ़ोत्तरी करने के साथ ही सब्जी व तरबूज की फसल उत्पादन हेतु जल संचय से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना इत्यादि प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति करना है। एवम जल संचय हेतु शपथ लिया गया।

जल संचय अभियान अन्तर्गत इस बोरी बंधान कार्य में मध्यप्रदेश जनअभियान अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र सिंह चौहान ,विकासखण्ड समन्वयक भानुप्रताप मरावी, ग्राम विकास प्रस्फुटन तरेरा के सचिव श्री गुलराम सोनवानी, समिति के सदस्य श्री सोहन सिह, गणेश ग्राम के युवा रोहित यादव, रेवेन्द्र यादव, मोहित कुमार, लेखपाल धुर्वे, मुजोहित, साहिल यादव, सहित सहभागिता रही जल संचय अभियान मध्यप्रदेश जनअभियान अभियान परिषद के नेतृत्व में 15 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक लगातार 45 दिनों तक चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से जल के संचय अर्थात जल के संरक्षण व सम्बर्धन सहित जल के विवेकपूर्ण उपयोग सहित उसकी निर्मलता व शुद्धता एवं भूमिगत जल में वृद्धि करना है। इस कार्य में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तरेरा सहित आम जनों की सहभागिता कराई जा रही है।

## डिंडोरी में "पंखिनी - सपनों को दो पंख" नवाचार का शुभारंभ

# बेटियों को मिलेगी निःशुल्क करियर कोचिंग और फिजिकल ट्रेनिंग

डिंडौरी ।

**डिंडौरी जिला एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है जो सामान्य जिलों की तुलना में पीछे है, इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले की होनहार युवा युवतियों को रोजगार से जोडने एवं आगे लाने के उददेश्य से जिला प्रशासन की एक विशेष पहल ''पंखिनी सपनो को दो पंख'' के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य जिले की युवा बालिकाओं को निःशुल्क करियर कोचिंग, सरकारी भर्ती परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी, तथा रोजगार अवसरों तक सुगम पहुँच प्रदान करना है।**



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस विभाग में लगभग 7000 पदों पर भर्ती निकली है, जो विशेष रूप से जनजातीय बाहुल्य जिला डिंडोरी की बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है इसी को ध्यान में रखते हुए "पंखिनी" के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग,तथा पुलिस भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग की विशेष योजना तैयार की गई है। "पंखिनी" के अंतर्गत बालिकाओं को परीक्षाओं की तैयारी के लिए पूरी तरह फ्री कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी जिला मुख्यालय में कोचिंग शासकीय चंद्र विजय कॉलेज डिंडौरी में आयोजित होगी। फिजिकल ट्रेनिंग पुलिस लाइन एवं बिरसा मुंडा स्टेडियम, कलेक्ट्रेट प्रांगण में दी जाएगी सभी ब्लॉकों में पुलिस भर्ती हेतु फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। योजना के प्रारंभिक आगामी 5 दिसंबर से ऑनलाइन पंजीयन गूगल फॉर्म के माध्यम से कराया जाएगा। सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में विशेष प्रचार अभियान, विकासखंड में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, जिला मुख्यालय, महिला बाल विकास विभाग में ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। कलेक्टर ने अपील की है कि जिले के बालिकाओं को आगे रोजगार से जोडने के उद्देश्य से उनकी निःशुल्क क्लास संचालित की जाना है जो भी शासकीय अर्धशासकीय जो भी प्राइवेट शिक्षक 1 या 2 घंटे के लिए अपना अमूल्य समय देकर इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग हेतु अपना नाम मोबाइल नम्बर महिला बाल विकास विभाग या कलेक्टर कार्यालय में अपना सहमति पत्र दें। जिससे आपके इस विशेष सहयोग से किसी बच्चे की जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है। क्लासेस संचालित करने हेतु इच्छुक शिक्षकों के लिए भी गूगल फॉर्म जारी किया गया है।शासकीय शिक्षक भी पढ़ाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर उत्कृष्ट ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म्स के सब्सक्रिप्शन लिए जाएंगे। कोचिंग हेतु प्रोजेक्टर आधारित स्मार्ट क्लासेस भी चलाई जाएंगी।कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, CEO जिला पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी समय-समय पर मोटिवेशनल सेशन लेकर बालिकाओं का मनोबल बढ़ाएँगे। इस नवाचार में निम्न विभाग सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे महिला एवं बाल विकास विभागपुलिस विभाग,खेल एवं युवा कल्याण विभाग,रोजगार कार्यालय,शिक्षा विभाग, रोजगार कार्यालय द्वारा बालिकाओं को सरकारी भर्ती परीक्षाओं के आवेदन फॉर्म भी भरवाए जाएंगे प्रेसवार्ता के दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, खेल विभाग से आरती सोंधिया, अश्वनी गवले, नारायण सहित जिले के समस्त पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जिला- एक उत्पाद कार्यशाला सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में एक जिला- एक उत्पाद एवं निर्यात कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने एक जिला- एक उत्पाद योजना के उद्देश्य बारे में बताते हुए कहा कि जिले में तुअर दाल को विशिष्ट पहचान मिलेगी और इसकी मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग से उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। इससे वोकल फॉर- लोकल को भी सफलता मिलेगी। साथ ही जिले में इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाने के लिए विभागों को निर्देशित किया। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र पंकज पटेल ने एक जिला- एक उत्पाद के महत्व एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर बताई। उन्होंने एक जिला- एक उत्पाद में कार्य कर रहे एफपीओ एवं क्रेशको को एक्सपोर्ट पॉलिसी का लाभ लेने के लिए कहा। एमपी डीआईसी भोपाल के एक्सपोर्ट सेल के तनमय निगम ने एक्सपोर्ट के संबंध में सम्पूर्ण जारी प्रदान की। कार्यशाला में एक जिला- एक उत्पाद के संबंध में निर्यात के लिए प्रक्रिया, भूमि आवंटन प्रक्रिया एवं खाद्य प्रसंस्करण हेतु एमएसएमई प्रोत्साहन योजना की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में महाप्रबंधक एमपीआईडीसी आरपी चक्रवर्ती, उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, अन्य विभागीय अधिकारी, जिले के दाल व्यापारी, उद्योगपति और किसान मौजूद थे।




### एसआईआर को लेकर भाजपा की जिला बैठक संपन्न

# एसआईआर में पात्र छूटे ना व अपात्र जुड़ न पायें: माधवदास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को भाजपा कार्यालय मे एसआईआर लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक एस.आई.आर के जिला प्रभारी माधवदास अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार एस.आई.आर जिला महामंत्री डॉ.हरगोविंद पटेल, जिला संयोजक विनोद श्रीवास्तव, विधानसभा संयोजक मुकेश मरैया, भगवान सिंह पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि वर्तमान में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष बचे 30 प्रतिशत कार्य हेतु संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि अपने अपने वार्ड अध्यक्ष व बी.एल.ओ 2 से संपर्क कर छूटे हुए मतदाताओं का नाम जुडवाने में स्थानीय स्तर पर सहयोग करे। जिससे तय समय में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो सके। बैठक को संबोधित करते हुए एस.आई.आर के जिला प्रभारी माधवदास अग्रवाल ने कहा कि चुनाव आयोग देश में चुनाव कराता है वह मतदाता सूची का शुद्धिकरण हेतु हर 20 वर्ष में विशेष पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर) चलाकर मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों व अन्य जगह स्थानांतरित हो चुके व्यक्तियों के नाम काटता है व नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ता है। इस बार एस.आई.आर के माध्यम से मतदाता सूची का डिजिटलाईजेशन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मतदाता की संपूर्ण जानकारी व नवीन फोटो प्राप्त की जा रही है जिससे त्रुटी रहित मतदाता सूची तैयार हो सके कांग्रेस पार्टी व उनके नेताओं द्वारा एस.आई.आर को लेकर मतदाताओं के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है कि चुनाव आयोग बीजेपी के इशारे पर



कार्य कर रहा है व इसके माध्यम से मतदाताओं के नाम काटे जा रहे है जबकि धरातल पर ऐसा कुछ भी नही है हम सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम मतदाताओं के पास जाकर एस.आई.आर के बारे में फैलाये जा रहे भ्रम को दूर करे व बूथ स्तर पर एस.आई.आर अभियान में लगे बी.एल.ओ से संपर्क कर उनका सहयोग करे जिससे बूथ में निवासरत सभी मतदाताओं के नाम सूची में जुड सके। सभी कार्यकर्ता इस बात का विशेष ध्यान रखे कि इस एस.आई.आर में कोई भी पात्र मतदाता न छूट पाये व अपात्र जुड ना पाए। इस हेतु घर घर जाकर वोटरो से संपर्क स्थापित कर फार्म भरवाएं व अपात्र लोगो की जानकारी बी.एल.ओ को प्रदान करे। उन्होने मंडल अध्यक्षो को निर्देशित करते हुए कहां कि आगामी दिनो में मंडल स्तर शक्तिकेन्द्र स्तर, बूथ स्तर तक की बैठक पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर करे एवं सभी की सहभागिता इस अभियान में सुनिश्चित करे जिससे अभियान को गति प्राप्त हो सके। इस दौरान उन्होने जिला स्तरीय एस.आई.आर कॉल सेन्टर का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि बैठक का संचालन जिला महामंत्री डॉ. हरगोविंद पटेल व आभार गाडरवारा विधानसभा संयोजक मुकेश मरैया ने किया। बैठक में जिलापदाधिकारी, सभी मंडलो के अध्यक्ष, एस.आई.आर के मंडल संयोजक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जिले में 74.19 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जिले में सुचारू रूप से क्रियाशील है। अभियान के तहत जिले की सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ एवं सहायक दल द्वारा ऑनलाइन डिजिटाईजेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि मंगलवार 25 नवंबर की शाम 6 बजे तक जिल में 6 लाख 45 हजार 186 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो 74.19 प्रतिशत है। इसके लिए जिले में 977 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। साथ ही बीएलओ की सहायता के लिए नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय का स्टाफ, वार्ड प्रभारी, पटवारी ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, शिक्षक, ग्राम कोटवार आदि नियुक्त किए गए हैं।

## एनसीसी डे एवं संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस 1 एमपी बटालियन एनसीसी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडस के निर्देशानुसार 78 वें एन सी सी डे एवं संविधान दिवस पूर्व की संध्या पर एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर में संचालित एन सी सी कंपनी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ अशोक कुमार गर्ग के मुख्य आतिथ्य तथा एनसीसी अधिकारी मेजर डॉक्टर पराग नेमा एवं जेसीओ सूबेदार रतन सिंह की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार गर्ग ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी संगठन विश्व का सबसे बड़ा प्रशिक्षित तथा यूनिफॉर्मड संगठन है जिसमें युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, चरित्र, साहस, भाईचारा, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहसिक कार्य और खेल भावना तथा निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास कर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाया जाता है। महाविद्यालय परिवार एनसीसी कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कार्यक्रम में ऑल इंडिया रॉक क्लाइंबिंग ट्रेकिंग कैंप 2025 में चयनित तथा रक्तदान करने वाले एनसीसी कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संविधान दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर प्राचार्य डॉ गर्ग द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति रही।

## रीछा हत्या कांड के आरोपी बरी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के चर्चित रीछा हत्या कांड में फैसला सुनाते हुए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश एवं द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आलोक मिश्रा की अदालत ने सत्र प्रकरण क्रमांक 113/2025 में सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने मनीष पटेल, अजय पटेल, सचिन विश्वकर्मा, दुर्गेश लोधी, वीरेन्द्र पटेल और छोटेलाल पटेल को भारतीय न्याय संहिता की धारा 117(2), 115(2), 103(1), 351(3) से 21 नवंबर 2025 को बरी करने का निर्णय सुनाया। अदालत ने बचाव पक्ष के तर्कों से सहमति जताते हुए अभियोजन को मामला संदेह से परे सिद्ध करने में असफल माना और सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

## विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर आयोजित



अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेश शुक्ला के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश मीणा के मार्गदर्शन में, नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 विषय पर, शासकीय माध्यमिक कन्या शाला कंदे ली में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीश सुश्री कशिश, कुरेशी मैडम द्वारा कक्षा 6 7 8 की छात्राओं को गुड टच बेड टच पॉक्सोअधिनियम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।इस अवसर पर स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती प्रभा डेहरिया शिक्षिका ऋचा श्रीवास्तव शिक्षक अमन ठाकुर, विवेक, चौधरी, मोहम्मद, उजीर, कक्षा 6 ,7, 8 की छात्राएं एवं अधिकार मित्र गोपाल ब्यौहार उपस्थित रहे।

## मां रेवा महाआरती समिति आरती में यजमान पंकज चौरसिया के द्वारा संपन्न



**श्रीधाम।** विगत दिवस नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री रेवा महाआरती समिति गोटेगांव के तत्वाधान में समीपवर्ती ग्राम मुंआरघाट मे मां नर्मदा मैयाजी की साप्ताहिक संगीतमय महा आरती एवं भगवान श्री पारदेश्वर महादेवजी का पूजन अर्चन प्रत्येकसोमवार को विगत 9 वर्षों से भी अधिक समय से प्रत्येक सोमवार को माता नर्मदामैयाजी की अलग-अलग भक्तों के द्वारा संपन्न होती है इस सप्ताह की महा आरती पं.राजेंद्रप्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ समीति सदस्य पंकज चौरसिया के परिवार के द्वारा के द्वारा संपन्न की गई। तत्पश्चात भगवान श्री पारदेश्वर महादेवजी का वैदिक मंत्रों द्वारा पूजनअर्चन किया गया तदोपरांत सामूहिक रूप से सप्ताहिक संगीतमय महाआरती स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जगत जननी मां नर्मदा मैयाजी का गुणगान करने के उपस्थित समिति सदस्यों व मातृशक्ति द्वारा दीपदान कर धर्म लाभ प्राप्त किया,इस अवसर पर मातृशक्ति महाआरती समिति के समस्त सहयोगी सदस्य व श्रद्धालुजन उपस्थित थे....गोटेगांव से कंछेदी पटेल की रिपोर्ट।

## निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा युवा रेडक्रॉस के तत्वाधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भारतीय संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। संविधान भारत की आत्मा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायकों द्वारा मूल्यांकन के पश्चात निम्न परिणाम घोषित किए गए निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा चैधरी, द्वितीय मधु मेहरा एवं तृतीय स्थान मीना लोधी ने प्राप्त किया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान शिवानी सोनी, द्वितीय स्थान मधु मेहरा एवं तृतीय स्थान मनीषा चैधरी ने प्राप्त किया।

## जनसुनवाई में आये 95 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 95 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## सागौन चरपट के 11 नग जब्त, वन विभाग अमले की कार्यवाही



**गोटेगांव।** विगतदिवस मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सागौन चरपट की अवैध गतिविधि पर शिकंजा कस दिया। श्रीमान वन मंडल अधिकारी नरसिंहपुर एवं उप वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में, वन परिक्षेत्र अधिकारी गोटेगांव के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक वृत श्रीनगर की टीम ने श्यामनगर बीट व गौरतला बीट के अंतर्गत संयुक्त गश्ती के दौरान सागौन चरपट के 11 नग जप्त किए। अवैध सामग्री जप्त किए जाने पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 33533/12 दिनांक 23/11/2025 पंजीबद्ध परिक्षेत्र किया गया है। कार्रवाई में शामिल अधिकारी-कर्मचारीः सहायक श्रीनगर आशुकान्त तंतुवाय, बीट प्रभारी पिपरिया विवेक पटेल, बीट प्रभारी गौरतला शशांक अग्रवाल, बीट प्रभारी नादिया वसीम खान, बीट प्रभारी झिरी भाईसाहब पटैल, बीट प्रभारी श्यामनगर अंकित शाह, बीट प्रभारी कुंडा अभिषेक दहवरा, बीट प्रभारी निनाई महेंद्र मेहरा, बीट प्रभारी चिरचिटा दुर्गेश दुबे तथा सुरक्षा श्रमिकों का विशेष सहयोग रहा। वन विभाग ने बताया कि अवैध कटाई व तस्करी के खिलाफ अभियान व लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कभी स्टेरिंग फेल तो कभी पट्टा टूटना तो फिर कभी डीजल सप्लाई पाइप लाइन खराब होने से जहां तहां खड़ी हो जाती है स्कूल बस



### बच्चों के भविष्य के साथ जारी है खिलवाड़

**तेंदूखेड़ा ।** स्कूली छात्रों की सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक तरफ जहां बच्चों की सुरक्षा को लेकर आये दिन तरह तरह की हिदायतें दी जाती है वहीं यातायात प्रभारी द्वारा स्कूलों में स्वयं जाकर नियमों का पालन करने की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं। इसके बाबजूद भी स्कूल संचालकों द्वारा अपनी मनमानियां हावी होती दिखाई देती हैं।ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा क्षेत्र में पिछले एक माह से लगातार देखने को मिल रहा है जहां स्कूल जाने वाली बसों की फिटनेस सही नहीं होने के चलते आये दिन कभी बसों का स्टेरिंग फेल हो जाता है तो फिर कभी पट्टा टूट जाने के चलते बस का पलटते हुए बाल बाल बचना तो फिर कभी डीजल सप्लाई करने वाली पाइप लाइन फटने से बस बंद हो जाने की घटनाएं आये दिन देखने को मिला करतीं हैं।इन सभी घटनाओं को लेकर बार बार स्कूली बच्चों द्वारा प्रबंधन को जानकारी देने शिकायतें करने के बाबजूद व्यवस्था में सुधार की दिशा में हीलाहवाली से निश्चित तौर पर भविष्य के साथ खिलवाड़ ही कहा जायेगा यदि किसी दिन कोई बड़ी घटना दुर्घटना घटित हो जाती है तो बच्चे और उनके पालक परेशानी में आ जायेंगे।समय रहते शीघ्र सुधार होना जरूरी है। चूंकि उक्त स्कूली बसें नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मुख्य सड़क मार्गों पर भी आवागमन किया करतीं हैं। चूंकि नगर से स्कूल की दूरी काफी दूर एक किलोमीटर दूर होने के कारण बच्चों को पैदल जाने के अलावा कोई चारा भी नहीं रह जाता या फिर बच्चों को स्वयं के बाहनों से आना जाना पड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी बाहनों के बीच बच्चों को आवागमन करना भी खतरों से खाली नहीं हुआ करता है।इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा प्रबंधन से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नई बस की व्यवस्था की जा रही बैंकिंग कार्यवाही के कारण विलंब हो गया है शीघ्र ही नई बस आ रही है।

### इनका कहना है

स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ साथ सड़क पर चलने वाले हर यात्रियों और बाहन चालकों को आये दिन आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं एवं स्कूलों में भी स्वयं जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नोटिस थमाये जा रहे हैं।यदि इस तरह की कोई स्थिति है तो जांच की जायेगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जायेगी।

**ममता तिवारी**
**यातायात निरीक्षक नरसिंहपुर**